## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**16 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर विचार–विमर्श के लिए आज से शुरू हो रही है संसद की तीन दिन की विशेष बैठक। राजनीतिक दलों ने दोनों सदनों के अपने सभी सांसदों के लिए जारी किया व्हिप।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश–2047 कार्यक्रम को किया संबोधित। कहा– एआई के प्रयोग से बढ़ेगी किसान विकास दर।
- गौतमबुद्ध नगर में औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक। कर्मचारियों और श्रमिकों के उपद्रवी व्यवहार पर आउटसोर्सिंग एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी।
- आईपीएल क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हराया।

**********

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर विचार–विमर्श के लिए संसद की तीन दिन की विशेष बैठक आज से शुरू हो रही है। वर्ष दो हजार तेईस में पारित इस विधेयक को लागू करने के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी। इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव है। एक रिपोर्ट–

**यह विशेष बैठक संविधान में संशोधन करने के लिए बुलाई गई है ताकि परिसीमन परिक्रिया पूरी होने के बाद 2029 के लोकसभा चुनावों में महिला आरक्षण अधिनियम को लागू किया जा सके। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोकसभा और राज्यसभा के सदन के नेताओं को पत्र लिखकर सभी पार्टियों से इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने का आग्रह किया था। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि यह बेहद जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराया जाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी यह आश्वासन दिया है कि महिला आरक्षण विधेयक संतुलित है और यह हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं का ध्यान रखता है।**

**यह सिर्फ सरकार का बिल नहीं है। यह सब पॉलिटिकल पार्टी और एक तरीके से पूरे देश का बिल है। सब मिलकर के एक आवाज और एक मत से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करेंगे।**

**भाजपा, जेडीयू, लोक जन–शक्ति पार्टी (आर) और कांग्रेस सहित कई राजनीतिक पार्टियों ने दोनों सदनों के अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। जिसमें उन्हें सदन की कार्यवाही के दौरान मौजूद रहने और अपनी पार्टी के रुख का समर्थन करने का निर्देश दिया गया है। सुपर्णा सैकिया के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

इस बीच, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरुकता के लिए प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मिर्जापुर जिले में कल छात्र–छात्राओं ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। सीतापुर में भी स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। वाराणसी में कल काशी विद्यापीठ में छात्राओं और शिक्षकों द्वारा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक अवसर है जब इस अधिनियम के जरिए नारी शक्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के तहत जो 33 प्रतिशत का आरक्षण लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं में माननीय प्रधानमंत्री जी के दृढ़ संकल्प के द्वारा महिलाओं को दिया जा रहा है। उसकी वजह से आज पूरे देश नारी शक्ति माननीय प्रधानमंत्री जी को हार्दिक आभार और धन्यवाद दे रही है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश–दो हजार सैंतालीस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दो हजार सत्रह में सरकार बनने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार के व्यापक कदम उठाए गए, जिनके परिणाम जमीन पर दिखाए दे रहे है। उन्होंने कहा कि कृषि में आधुनिक तकनीक और एआई के प्रयोग के जरिए किसान विकास दर को बढ़ाया जा सकता है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रियल टाइम डाटा कलेक्ट करके पता लगा सकते हैं कि इनको कब इस खेत में किस प्रकार की सुविधा चाहिए। उत्तर प्रदेश का किसान अगर टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है तो जो वर्तमान में हम लोगों ने 7–8 प्रतिशत से कृषि विकास की दर को 18 प्रतिशत तक पहुंचाया है या बढ़कर के 30 फीसदी तक पहुंच सकता है उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निजी कंपनी के सहयोग से बनाए गए पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान 'एआई फॉर ऑल' अवेयरनेस प्रोग्राम में एक सप्ताह की समय सीमा में सात लाख चौंसठ हजार एक सौ सतासी ऑनलाइन पंजीकरण का रिकार्ड बनाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को प्रमाण पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री कल लखनऊ में एक निजी कंपनी की दस लाखवीं गाड़ी के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है।

**जिस समूह में और जिस ग्रुप में काम करें वह टीम वर्क दिखनी चाहिए। कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। पूरी ईमानदारी होनी चाहिए। हमें किसी भी बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप को अपने ग्रुप के अंदर के मामलों में अपने समूह के अंदर के मामले में अपने प्लांट के मामले में उसको किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप करने की छूट नहीं देनी चाहिए।**

**********

गौतम बुद्ध नगर में औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय कमेटी ने कल आउटसोर्सिंग एजेंसियों और संविदाकारों के साथ बैठक की। औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी ने स्पष्ट किया कि आउटसोर्सिंग एजेंसियों और संविदाकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने श्रमिकों को अनुशासित रखें। साथ ही उन्हें प्रशिक्षित करें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो। गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने भी कल विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी एजेंसी के कर्मचारी या श्रमिक ने हिंसक व्यवहार किया तो एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**किसी भी उनके एंप्लॉय या श्रमिक द्वारा कोई भी उपद्रवी व्यवहार किया जाता है या वायलेंस किया जाता है, उसके लिए जो आउटसोर्सिंग एजेंसी है, उस पर भी कार्रवाई करी जाएगी, उनका लाइसेंस टर्मिनेट किया जाएगा और उनको ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा।**

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें कुल उत्तीर्ण प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य चार प्रतिशत अधिक तीरानवे दशमलव सात–शून्य प्रतिशत रहा। इस वर्ष भी लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों से अधिक रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानवे दशमलव नौ–नौ प्रतिशत दर्ज किया गया है। विद्यार्थी अपने परिणाम सीबीएसई के आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा डीजी लॉकर और उमंग ऐप जैसे वैकल्पिक प्लेटफार्मों पर भी परिणाम देखे जा सकते हैं। सीबीएसई ने बताया है कि स्कूलवार परिणाम संबंधित स्कूलों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से भेज दिए गए हैं।

**********

प्रयागराज के करछना क्षेत्र में बीती रात पचदेवरा हाल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब रेलवे ट्रैक पर उतरे रेल यात्री अचानक पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की चपेट में आ गये। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे की टीमें मौके पर पहुंच गयीं। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और थोड़ी देर में रेल यातायात भी बहाल कर दिया गया।

**********

आईपीएल क्रिकेट में बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में एक सौ छियालीस रन बनाए। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू की टीम ने पंद्रह ओवर एक बाल में ही पांच विकेट खो कर एक सौ उनचास रन बना लिए।

**********

मौसम विभाग ने चार से पांच दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********